उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## बुधवार, 03 आश्विन, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 19 सितम्बर, 2018 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी ''**क**'')

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" तथा ''ग''**)

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2018 के प्रथम सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य–संचालन नियमावली, 2005 के नियम–300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या–14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वर्ष 2016–17 की वार्षिक रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

6. सभापति, लोक लेखा समिति, उत्तराखण्ड विधान सभा की लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

7. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

8. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम तांशीपुर में तालाब के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री विक्रान्त पुत्र श्री सुभाष, ग्राम तांशीपुर, पो0 तांशीपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम तांशीपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री अमित कुमार पुत्र श्री राजपाल, ग्राम व पो0 तांशीपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम बसवाखेडी के ग्राम सढोली से कुरडी तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री भोपाल पुत्र श्री चमनलाल, ग्राम बसवाखेडी, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम पाडली गेन्दा में सड़क से बन्दाखेडी तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री जावेद पुत्र श्री गुफरान, ग्राम पाडली, पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम बसवाखेडी में जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री भोपाल पुत्र श्री चमनलाल ग्राम बसवाखेडी पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सलेमपुर से रसुलपुल की रोड से लेकर प्रदीप के खेत की ओर पी0 सी0 रोड़ निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री समीम पुत्र श्री यासीम, ग्राम सलेमपुर, पो0 सलेमपुर राजपुताना जनपद, हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खुण्डेवाली में शिव मन्दिर का निर्माण व सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री अशोक कुमार पुत्र श्री रूपचन्द्र, ग्राम खुण्डेवाली, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम पाडली गेन्दा में रेलवे फाटक पर परमानेन्ट कर्मचारी रखने के सम्बन्ध में'' श्री अलीम पुत्र श्री शरीफ, ग्राम पाडली गेन्दा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सफरपुर में पशु चिकित्सालय निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री मरगूब पुत्र श्री असलम, ग्राम सफरपुर, पो0 सलेमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मखदुमपुर को होते हुए रामनगर झबरेड़ा गुरूकुल मार्ग तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री मुनेश पुत्र श्री महेन्द्र सिंह, ग्राम व पो0 मखदुमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मखदुमपुर सढोली से लिंक मार्ग तक बिजली घर बाली सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री प्रमजीत पुत्र श्री किशनपाल, ग्राम व पो0 मखदुमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कोटवाल आलमपुर में पानी की टंकी सुचारू रूप से जारी कराने के सम्बन्ध में'' श्री अमरपाल पुत्र श्री दीलेराम, ग्राम कोटवाल, पो0 आलमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम देवबन्द मगलौर मार्ग से सुसाडा तक सड़क निर्माण कराने के सम्बन्ध में'' श्री विजयपाल पुत्र श्री सुल्तान सिंह, ग्राम सुसाडा, पो0 सरस्वती नगर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम देवबन्द मगलौर मार्ग से बन्दर जुड्डा लिंक मार्ग तक पी0 सी0 सड़क का निर्माण कराने के सम्बन्ध में'' श्री महावीर सिंह पुत्र श्री श्रीराम, ग्राम सुसाडी खुर्द, पो0 सरस्वती नगर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सुसाड़ी खुर्द से ग्राम सुसाडी कला तक के मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री कुशलपाल पुत्र श्री महेन्द्र, ग्राम सुसाड़ी कला, पो0 सरस्वती नगर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इकबालपुर मार्ग से साबतवाली तक पी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री महिपाल पुत्र श्री मगरू सिंह, ग्राम साबतवाली, पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम साबतवाली में झबरेड़ा बिजली घर साबतवाली कुण्डेवाली मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सन्दीप पुत्र श्री कबज सिंह, ग्राम साबतवाली, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मुण्डियाकी से उदलहेडी लिंक रोड तक सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री अरूण शर्मा पुत्र श्री जयभगवान शर्मा, ग्राम गुरूकुल नारसन, पो0 मुण्डियाकी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सावतवाली में बरात घर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री बालेन्द्र सिंह पुत्र श्री लाल सिंह, ग्राम सावतवाली, पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम ठसका में पानी की टंकी के सम्बन्ध में'' श्री ओमबीर पुत्र श्री पालू सिंह, ग्राम ठसका, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

28. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम अकबर फाजिलपुर में अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री शुभम पुत्र श्री सुनिल, ग्राम अकबरपुर, पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

29. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम देवपुर ग्राम में प्रा0वि0 की चाहरदीवारी व उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री नकलीराम पुत्र श्री ईलम चन्द, ग्राम देवपुर, पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

30. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खडखडी दयाला में रविदास भवन का निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री कपिल पुत्र श्री नरेश, ग्राम खडखडी दयाला, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

31. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खडखडी दयाला में शमशान घाट की चाहरदीवारी के सम्बन्ध में'' श्री तेजपाल सिंह पुत्र श्री दिलेराम, ग्राम खडखडी दयाला, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

32. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम भग्तोवाली में शिव मन्दिर का सौन्द्रर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री सोनू पुत्र श्री हरि सिंह, ग्राम भग्तोवाली, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

33. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम भग्तोवाली में बच्चों के शमशान घाट की चाहरदीवारी छतरी का नवनिर्माण के सम्बन्ध में'' श्री अंकित पुत्र श्री रामनाथ सिंह, ग्राम भग्तोवाली, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

34. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम गदर जुडडा अडडे से झबीरण नगला मार्ग तक पी0 सी0 सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री कुलदीप पुत्र श्री बीर सिंह, ग्राम गदर जुड्डा, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

35. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम भरतपुर में भूमिया खेडे के सौन्द्रर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री रमेश पुत्र श्री बलजीत, ग्राम भरतपुर, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

36. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम पनियाली में रविदास मन्दिर के सौन्द्रर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री मुकेश पुत्र श्री चन्द्रपाल, ग्राम पनियाली, पो0 पनियाला चन्दापूर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

37. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम पनियाली में शमशान घाट की चाहरदीवारी निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री विजेन्द्र पुत्र श्री चन्द्रपाल, ग्राम पनियाली, पो0 पनियाला, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

38. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम भरतपुर में शमशान घाट की चाहरदीवारी व सौन्द्रर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री जगदेश्वर पुत्र श्री रायला, ग्राम भरतपुर, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

39. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मुण्डियाकी के पुल से लेकर मैन हार्डवे तक चौडीकरण के सम्बन्ध में'' श्री विनित शर्मा पुत्र श्री हरिप्रसाद,

ग्राम मुण्डियाकी, पो0 गुरूकुल नारसन, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

40. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम उदलहेडी में पानी की टंकी के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सूर्यवीर मलिक पुत्र स्व0 श्री राजेन्द्र मलिक, ग्राम उदलहेडी पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

41. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम दहियाकी में बारात घर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री अमित राणा पुत्र श्री अशोक कुमार, ग्राम दहियाकी, पो0 गुरूकुल नारसन, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

42. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कुरडी में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री जलसिंह पुत्र श्री फूल सिंह ग्राम कुरडी, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

43. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम नजरपुरा में मेन रोड से रजवाहे की पटरी पर सी0 सी0 रोड के सम्बन्ध में'' श्री आदित्य कर्णवाल पुत्र श्री सतपाल, ग्राम नजरपुरा, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

44. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबरेड़ी मैन के शिव मन्दिर से अकबर झोझा तक पी0 सी0 सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सचिन कुमार पुत्र श्री रामपाल, ग्राम झबरेड़ा, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

45. देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबरेड़ा रोड से जनता इण्टर कॉलेज सैदपुरा तक सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री कुलदीप पुत्र श्री विजयपाल, ग्राम सैदपुरा, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

46. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबरेड़ा से झबरेडी अकबरपुर होते हुए रूड़की तक सड़क बनाने के सम्बन्ध में'' श्री नवाब सिंह पुत्र श्री सुभेराम, ग्राम झबरेडा, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

47. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम गदर जुड्डा में रविदास मंदिर के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री अनिर पुत्र श्री अमरू, ग्राम गदर जुड्डा, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

48. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सोहलपुर गाडा में हाल निर्माण व रविदास मन्दिर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री राजकुमार पुत्र श्री शरमान्द, ग्राम सोहलपुर, गाडा पो0 नन्हेडा अन्नपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

49. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में पानी की टंकी सुचारू रूप से चलाने के सम्बन्ध में'' श्री रोहित कुमार पुत्र श्री काला सिंह, ग्राम डेलना पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

50. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम गदर जुड्डा में कश्यप समाज के बारात घर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री प्रीतम सिंह पुत्र श्री मक्खन सिंह, ग्राम गदर जुड्डा, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

51. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम गदर जुड्डा गांव में अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री प्रीतम सिंह पुत्र श्री मक्खन सिंह, ग्राम गदर जुड्डा, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

52. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में प्राचीन काली मंदिर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री रोहित कुमार पुत्र श्री काल्प सिंह, ग्राम डेलना, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

53. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में शनि देव मंदिर व हनुमान मंदिर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री जयसिंह प्रधान पुत्र श्री समय सिंह, ग्राम डेलना, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

54. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इब्राहिमपुर देह ग्राम में देव स्थान की चाहरदीवारी व सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री सुरेन्द्र कश्यप पुत्र स्व0 श्री चोहल सिंह, ग्राम इब्राहिमपुर, पो0 सालियर साल्हापुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

55. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सढौला माजरा में तलाब से खाले तक नाले का नव निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री रतिराम पुत्र श्री तुलसीराम सिंह, ग्राम सढौला, पो0 मुखदुमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

56. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सठौली से माजरा को होते हुए लहबोली मार्ग तक पी0 सी0 सड़क निर्माण के कार्य के सम्बन्ध में'' श्री जयकरण पुत्र श्री राधेराम, ग्राम माजरा, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

57. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सालियर में बरात घर का नव निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री कवर पाल पुत्र श्री चमन लाल, ग्राम सालियर, पो0 सालियर साल्हापुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

58. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इब्राहिमपुर देह मे सोनाली नदी का तटबन्ध ( रपटा ) बनाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री सुरेन्द्र कश्यप पुत्र स्व0 श्री चोहल सिंह, ग्राम इब्राहिमपुर, पो0 सालियर साल्हापुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

59. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबरेड़ी मैन रोड से शमशान घाट तक सी0 सी0 मार्ग व छतरी निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री अशोक कुमार पुत्र श्री बाबूराम ग्राम झबरेड़ा, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

60. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लखनौता में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री पहल सिंह पुत्र श्री बारू ग्राम, लखनौता, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

61. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सुनहरा से माधोपुर होते हुए नन्हेडा अनन्तपुर तक पी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री संजय पुत्र श्री महेन्द्र सिंह, ग्राम सुनहरा, पो0 नन्हेड़ा, अन्नतपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

62. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हथियाथल में रविदास आश्रम का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री जगदीश दास पुत्र श्री बुद्धि सिंह, ग्राम हथियाथल, पो0 तांशीपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

63. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सालियर में सोनाली नदी का तटबन्ध (रपटा) निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री परवीन पुत्र श्री हुकम ग्राम सालियर, पो0 सालियर साल्हापुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

64. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कुमराडा के राजवाहे के पुल से बसवाखेडो तक पी0 सी0 रोड़ के सम्बन्ध में'' श्री अकतर पुत्र श्री जहूर, ग्राम कुमराडा पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

65. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लोदीवाला में बारात घर का सौन्दर्यकरण कराने के सम्बन्ध में'' श्री चन्द्रपाल पुत्र श्री मामचन्द, ग्राम लोदीवाला पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

66. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लोदीवाला चौराहे से झबरेड़ा मेन रोड तक पी0 सी0 सड़क के सम्बन्ध में'' श्री सुरेश पंडित पुत्र श्री मान सिंह, ग्राम लोदीवाला पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

67. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मंगलौर रोड से थीतकी कबायदपुर तक पी0 सी0 रोड निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री नवीन कर्णवाल पुत्र श्री नरेन्द्र, ग्राम थीतकी, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

68. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के उत्तरकाशी मुख्यालय (बाड़ाहाट) में रामलीला मंच, रामलीला मैदान उत्तरकाशी के पृष्ठ भाग में खाली पड़ी व निष्प्रयोज्य 07 मुठ्ठी भूमि को समिति के नाम फ्री होल्ड किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री जयेन्द्र सिंह पंवार पुत्र स्व0 श्री जमन सिंह पंवार, ग्राम अठाली, पो0 रतूड़ी सेरा, जनपद उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

69. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

70. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

71. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

72. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

73. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

74. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

75. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

76. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

77. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

78. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड ( उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 ) (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

79. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड ( उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 ) (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

80. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम–315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी–''**घ**'')

81. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

82. आबकारी मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उ0प्र0 शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002, (संशोधन) विधेयक, 2018 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

83. आबकारी मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उ0प्र0 शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002, (संशोधन) विधेयक, 2018 पारित किया जाय।

84. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि न्यायालय शुल्क (उत्तराखण्ड संशोधन), विधेयक, 2018 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

85. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि न्यायालय शुल्क (उत्तराखण्ड संशोधन), विधेयक, 2018 पारित किया जाय।

86. पशुपालन मंत्री, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगीः-

"यह सदन भारत सरकार से अनुरोध करता है कि गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाय।"

87. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

88. जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ (जौनपुर) में रेडियोलोजिस्ट, आर्थोपैडिक तथा अन्य चिकित्सकों की तैनाती न होने से जनता में व्याप्त असंतोष के संबंध में, श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

89. प्रदेश में इस वर्ष भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा से हुई जान-माल की क्षति व सड़क यातायात मार्ग ध्वस्त होने तथा भू-स्खलन से हुये नुकसान के संबंध में, श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

**देहरादून :**
**दिनांक :18 सितम्बर, 2018**

उत्तराखण्ड विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2018 का
प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

बुधवार, आश्विन 03, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 19 सितम्बर, 2018 )

नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजकुमार<br>04.09.2018 | ** मुख्यमंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी जाने वाली राशि राज्य सरकार की समेकित निधि से वहन की जाती है? यदि हां, तो गत पॉच वर्षों में विवेकाधीन कोष से एस0सी0/एस0टी0 के आवेदकों के लिए कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है? क्या सरकार इस वर्ष आर्थिक सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में समेकित निधि से व्यय की जाने वाली धनराशि को उनकी जनसंख्या प्रतिशत के अनुसार मात्राकृत करेगी? यदि हां, तो तद्संबंधी प्रख्यापित किये जाने वाले प्रख्यापन निमित्त अधिसूचना को सदन के पटल पर रखेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.09.2018 | ** क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देशानुसार ऋषिकेश से कौडियाला तक के राष्ट्रीय राजमार्ग में अवस्थित राजस्व ग्रामों को हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण में सम्मिलित कर लिया गया है? यदि हां, तो अवस्थित राजस्व ग्रामों में हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा अभी तक कोई कार्य किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

<u>उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2018 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.02.2018 | *1. **आगामी सत्र हेतु स्थगित**<br>क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक में ड्रेनेज की कोई व्यवस्था न होने के कारण सिडकुल का दूषित पानी व अन्य अवशिष्ट आस–पास की बस्तियों तथा आने–जाने वाले मार्ग पर एकत्रित हो जाता है जिससे आवागमन में अत्यधिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार जन समस्या को दृष्टिगत रखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था को ठीक करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |

## नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

श्री देशराज कर्णवाल
04.06.2018

*1. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

क्या वन एवं वन्यजीव मंत्री अवगत हैं कि प्रदेशभर के शहरी व आवासीय क्षेत्रों में बन्दरों एवं आवारा कुत्तों का प्रकोप निरन्तर बढ़ता जा रहा है जिनके द्वारा लोगों को काटने की घटनायें लगातार बढ़ रही है? इन्हें नियंत्रित करने हेतु सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

वन

श्री देशराज कर्णवाल
05.06.2018

*2. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत है कि प्रदेश में वर्तमान में ध्वनि प्रदूषण बढ़ता जा रहा है? ध्वनि प्रदूषण का एक कारण वाहन भी है, अतः वाहनों द्वारा होने वाले ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए क्या सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यावरण

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
05.06.2018

*3. क्या वन मंत्री अवगत है कि वनों में चीड़ के वृक्षों से निकलने वाला लीसा बहुत ही ज्वलनशील श्रेणी के पदार्थों में आता है जिससे आग लगने पर बुझाने में बहुत ही कठिनाई होती है? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत है कि इस लीसे को प्रदेश के निरीक्षण भवनों में खुले में रखा गया है और आग लगने पर निरीक्षण भवनों में रहने वाले अतिथियों, अधिकारियों व कर्मचारियों की जान जाने के साथ भारी नुकसान हो सकता है? यदि हां, तो क्या सरकार इन्हें ऐसे स्थानों से हटवाकर किसी सुरक्षित स्थान पर रखने की व्यवस्था करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

वन

श्री देशराज कर्णवाल
06.06.2018

*4. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड में संवैधानिक रूप से एस0सी0/एस0टी0 एवं ओ0बी0सी0 को चुनावी प्रकिया में कितना आरक्षण दिया जाना तय है? उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्तमान में चुनावी प्रकिया में कितना आरक्षण दिया जा रहा है? यदि दोनों में अंतर है तो क्या इस अंतर को समाप्त करने के लिए कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों?

शहरी विकास

श्री प्रीतम सिंह पंवार
06.06.2018

*5. **स्थगित**

सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बी0एड0, बी0पी0एड0 तथा टी0ई0टी0 उत्तीर्ण/प्रशिक्षित बेरोजगारों की संख्या कितनी है, और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार की क्या कोई योजना

सेवायोजन

प्रस्तावित है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि ऐसे प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार कब तक उपलब्ध करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.06.2018 | *6. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पहाड़ी संस्कृति के विखरने का कारण चीड़ के पेड़ों का सघनीकरण है? क्या यह सत्य है कि वानस्पतिक विविधता, जैव विविधता, पानी के जल स्त्रोत, रसीले जंगली फलों की झाड़ियां, पशुओं के लिए हरी घास, बागवानी, आबो–हवा, वातावरण नमी, खेतों की लहलहाती फसल के लिए चीड़ का सघनीकरण खतरनाक साबित हो रहा है? क्या यह भी सत्य है, कि जिन कृषि जोतों में चीड़ की पत्तियां गिरती हैं उनमें दीमक लगने से फसल चौपट होती है? यदि हां तो क्या सरकार चीड़ के जंगलों के सघनीकरण को कम करने के लिए कोई वैज्ञानिक विश्लेषण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>11.06.2018 | *7. **विभिन्न विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या आवास मंत्री बतायेंगें कि प्रदेश में शहरी तथा ग्रामीण आवास विहीन परिवारों के चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा इसके मानक क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगें कि विभिन्न वर्गों के आवास विहीन परिवारों के लिये सरकार की कौन–कौन सी योजनायें संचालित है तथा सबको आवास उपलब्ध करवाने के लिये क्या कार्ययोजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.06.2018 | *8. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 01 जनवरी 2017 से आतिथि तक जंगली जानवरों के द्वारा मनुष्यों व पशुओं को मारने व घायल करने के कुल कितने प्रकरण प्रकाश में आये हैं? मृतकों व घायलों को मुआवजा किन दरों पर भुगतान किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>13.06.2018 | *9. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि मानव एवं जंगली जानवरों के मध्य होने वाले संघर्ष में अभी तक कितने पीड़ित है जिन्हें मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया तथा कब तक भुगतान किया जायेगा? क्या इसके लिये प्रदेश सरकार की कोई नीति है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>13.06.2018 | *10. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में विकास कार्यों के लिये वन एवं पर्यावरण की अनापत्ति प्राप्त करने के लिये क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि बैंक की स्थापना की गई है कि नहीं? यदि हां, तो इसमें वर्तमान में कितनी भूमि है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>14.06.2018 | *11. **द्वितीय बुधवार के तारांकित प्रश्न संख्या–6 में स्थानान्तरित**<br>क्या वन मंत्री बतायेंगें के प्रदेश में विकास कार्यों के लिये अधिग्रहीत की जाने वाली वन भूमि के संबंध में कोई स्पष्ट नीति है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>20.06.2018 | *12. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत है कि नीति आयोग की वर्तमान रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखण्ड में लगभग 300 प्राकृतिक जल स्त्रोत या तो सूख चुके है, या सूखने के कगार पर है? यदि हां, तो राज्य सरकार इस प्रकार के नौले–धारे (प्राकृतिक जल स्त्रोतों) को पुर्नजीवित करने हेतु कोई ठोस कार्य योजना बना रही है? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी विवरण क्या है? इस प्रकार की कार्य योजना का क्रियान्वयन किन जनपदों में कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>29.06.2018 | *13. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 तक प्रदेश में कुल कितने पंजीकृत बेरोजगार है एवं उनकी संख्या जनपदवार कितनी है, क्या सरकार उक्त से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री राजकुमार<br>30.07.2018 | *14. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि कौशल विकास विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में कितने जिलों में स्किल डेवलपमेंन्ट का संचालन किया जा रहा है? उक्त योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ी जाति के कितने युवकों को प्रशिक्षित किया गया तथा कितने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>06.08.2018 | *15. क्या वन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में कुल कितने सड़क मार्ग प्रदेश वाइल्ड लाइफ बोर्ड में स्वीकृति हेतु लम्बित है? क्या सरकार उक्त सड़क मार्गों के निर्माण हेतु अनुमति देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>08.08.2018 | *16. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद देहरादून विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत शीशमबाड़ा में ट्रचिंग ग्राउण्ड का निर्माण मानकों की अनदेखी कर निर्मित किया गया है? यदि हां, तो उससे निकलने वाली दुर्गन्ध व अन्य समस्याओं से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाये जाने हेतु सरकार की उक्त ट्रचिंग ग्राउण्ड को अन्य किसी स्थान पर स्थानान्तरित किये जाने की कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री गणेश जोशी<br>08.08.2018 | *17. क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि मसूरी में मॉल रोड़ की सुन्दरता को बनाये रखने के लिए एक वैंडर जोन का निर्माण कराया जाना उचित होगा? क्या सरकार मसूरी में वैंडर जोन बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>21.08.2018 | *18. क्या सेवायोजन मंत्री अवगत है कि प्रदेश में श्रम कानून विद्यमान है यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि श्रम कानून के तहत राज्य के विभिन्न सेक्टरों में सेवारत कार्मिकों को कितना पारिश्रमिक दिया जाना अनुमन्य है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा इनकी मानिटरिंग हेतु विभागीय ढॉचा स्वीकृत है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद स्तर पर सक्षम अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | सेवायोजन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>23.08.2018 | *19. क्या वन मंत्री अवगत है कि राज्य में नमामि गंगे के लिए प्रोजेक्ट स्वीकृत है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य के लिए उक्त प्रोजेक्ट में कितने क्षेत्र की जमीन पर वनीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य किये जाने है, तथा उसके लिए कितनी धनराशि का प्राविधान है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>23.08.2018 | *20. **तृतीय सोमवार के तारांकित प्रश्न संख्या–13 में स्थानान्तरित**<br>क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अवगत है कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सरकार कार्मिकों को सेवा पर लेती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि वर्तमान में सरकार की आउटसोर्सिंग ऐजेसियां कितनी गठित है तथा उनके द्वारा प्रदत्त रोजगार का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम एवं सेवायोजन |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>14.02.2018 | 01. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि नगरपालिका बागेश्वर में विगत 4 वर्षों में कुल कितनी धनराशि राज्य वित्त 13 वें व 14 वें से स्वीकृत हुई है? तद्संबंधित वर्ष वार पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगें? क्या मंत्री जी यह भी अवगत कराने का कष्ट करेगें कि राज्य वित्त से विगत 4 वर्षों में वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 व वर्ष 2017–18 में कौन–कौन से कार्य कराये गये हैं, कार्य का नाम व धनराशि का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>04.06.2018 | 1. **एक से अधिक विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि सीमान्त क्षेत्र खटीमा में निवास कर रहे 80 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विशेषकर थारू जाति के लोगों की जमीन आदि की समस्याओं का निदान खटीमा विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है? यदि हां, तो सीमान्त क्षेत्र में अधिसंख्य थारू जाति के निवासियों को अपने जमीन आदि की समस्याओं को लेकर समय–समय पर आक्रोश व्यक्त करते हुए विकास प्राधिकरण द्वारा समस्याओं का निस्तारण न किये जाने के क्या कारण है? यदि नहीं, तो अधिसंख्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति विशेषकर थारू जाति के निवासियों की लम्बे समय से चली आ रही जमीन आदि की समस्याओं के निस्तारण हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है? | शहरी विकास |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>05.06.2018 | 2. क्या वन मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र खटीमा के ग्राम सभा जमौर, हल्दी, पिटरिया आदि के किनारे जंगली जानवरों द्वारा जन समुदाय एवं फसल आदि का नुकसान किया जा रहा है? यदि हां, तो जंगली जानवरों द्वारा किये जा रहे जान–माल के नुकसान के समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस समस्या का कोई स्थायी समाधान निकालेगी? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.06.2018 | 3. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शीतकाल में पहाड़ों में बर्फ पड़ जाने के कारण अक्टूबर से मार्च तक भेड़ बकरी पालक अपनी भेड़ बकरियों को चुगान के लिए निचले वन क्षेत्रों में ले जाते है? क्या यह सत्य है कि सीमित क्षेत्रफल में पुराने पशुपालकों को ही परमिट मिल रहे है किन्तु नये पशुपालकों को परमिट नहीं मिल पा रहे है? क्या नये भेड बकरी पालकों को भी चरान–चुगान के परमिट जारी किये जायेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.06.2018 | 4. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में इको टूरिज्म गन्तव्य कौन–कौन है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में इेको–पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए भविष्य के लिए कोई योजना बनाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.06.2018 | 05. क्या वन मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 5 सितम्बर, 2017 को मुख्यमंत्री द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर मानिला वन विभाग में ईको पार्क व ईको हट के निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि आतिथि तक इनके निर्माण कराये जाने संबंधी क्या प्रगति हुई है? क्या मंत्री जी जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.06.2018 | 06. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि प्रदेश में ए0डी0बी0 के द्वारा विभिन्न शहरों में सीवर लाइनें, पेयजल योजनाऐं एवं अन्य कार्य सुचारू रूप से किये जा रहे हैं परन्तु रूड़की शहर में सलेमपुर कृष्णा नगर एवं प्रेमनगर का आधा हिस्सा व मतलबपुर, शिवपुरम को इस योजना से लाभान्वित नहीं किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा अपूर्ण व अधूरी योजनाओं की कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.06.2018 | 07. क्या श्रम विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड द्वारा न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण कर लिया गया है? यदि हां, तो, न्यूनतम मजदूरी कितनी निर्धारित की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.06.2018 | 08. **स्थगित**<br>क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के किन–किन औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों की मृत्यु हुयी है एवं चोट लगी है? हरिद्वार जनपद में ऐसे श्रमिकों की संख्या कितनी है तथा उनके आश्रितों को न्यूनतम वेतन एवं ग्रेज्युटी एवं क्षति–पूर्ति का भुगतान क्या विभाग द्वारा किया गया है? यदि हां, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.06.2018 | 09. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि झबरेड़ा विधान सभा में तथा मुख्य रूप से ग्राम ठसका झबीरण जटट, गदर जुड़ा आदि (हरिद्वार) के जंगलों में नील गायों द्वारा फसलों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार क्या कोई कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.06.2018 | 10. **स्थगित**<br>क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में बी0एड0, बी0पी0एड0, टी0इ0टी0 प्रशिक्षण बेरोजगारों की जिलेवार संख्या कितनी है? इस वर्ष रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार की योजना क्या है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | सेवायोजन |
| श्री सुरेश राठौर<br>13.06.2018 | 11. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा ज्वालापुर में स्थित घाड़ क्षेत्र के चहुॅमुखी विकास के लिए सरकार की क्या विशेष योजना है? क्या घाड़ क्षेत्र को विशेष श्रेणी में लाने व चहुॅमुखी विकास हेतु विशेष पैकेज देने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.06.2018 | 12. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि दूसरे राज्यों के भांति राज्य में ईको पार्क बनाये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो झबरेड़ा विधान सभा में भी ईको पार्क बनाये जाने का सरकार का कोई प्रस्ताव है? यदि हां, तो कहां, यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.06.2018 | 13. | क्या वन मंत्री अवगत है कि वन क्षेत्र में बसी कालोनियों में चीड़ आदि के वृक्षों से निकलने वाला लीसा बहुत ही ज्वलन शील है यदि किन्हीं कारणवश आग लग जाती है तो उसे बुझाना नामुमकिन सा हो जाता है तथा इसलिए दुर्घटना होने की प्रबल सम्भावना हो जाती है? क्या सरकार इस समस्या के निदान हेतु योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>18.06.2018 | 14. | क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत है कि प्रत्येक वर्ष गर्मी बढ़ने के साथ ही प्रदेश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं होती है? इस वर्ष राजाजी नेशनल पार्क की गौहरी रेंज और बिजनी रेंज में इस प्रकार आग लगने की कितनी घटनाएं हुई है? इन घटनाओं में हुए जान–माल के नुकसान का विवरण क्या है? जंगलों में प्रत्येक वर्ष आग लगने की इन घटनाओं को रोकने के लिये सरकार किस प्रकार से प्रभावी उपाय करेगी? और कब तक? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.06.2018 | 15. | क्या आवास मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विनियमित क्षेत्र में सम्मिलित कर लिया गया है? क्या सरकार ग्रामीणों की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों को विकास शुल्क से मुक्त करने पर विचार कर रही है अथवा नहीं, यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.06.2018 | 16. | क्या सेवायोजन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड के सेवायोजन कार्यालयों में दर्ज शिक्षित बेरोजगारों को राज्य 09 नवम्बर 2012 से प्रवृत्त रोजगार सह कौशल विकास भत्ता दिया जाना तय था? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना के प्रारंभ होने के बाद से अब तक जनपदवार कितने शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार सह कौशल विकास भत्ता प्रदान किया जा चुका है? इनमें से हरिद्वार जिले में कितने लाभार्थी है? यदि नहीं, तो क्यों? | सेवायोजन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.06.2018 | 17. | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–61 में स्थानान्तरित**<br>क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन परिवारों की संख्या क्या है? क्या सरकार इन आवास विहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए किसी योजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो वह क्या है और कब तक सबको आवास उपलब्ध करा दिए जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>20.06.2018 | 18. | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–50 में स्थानान्तरित**<br>क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत है कि ग्रामीण पर्यटन और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिये प्रारम्भ में '' दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे) विकास योजना'' का कियान्वयन बहुत ही धीमी गति से हो रहा है? यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत अब तक सम्पूर्ण राज्य में और पौड़ी जनपद के यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में कितने आवेदन स्वीकृत हुए है और कितने होम स्टे प्रारम्भ हुए है? योजना के | वन |

क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये है?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21.06.2018 | 19. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य पुष्प ब्रहम कमल प्रदेश के किन–किन क्षेत्रों में पाया जाता है? क्या यह सत्य है कि प्रतिवर्ष इसका उत्पादन घट रहा है? यदि हां, तो इसको बचाने के लिए सरकार कोई कार्य योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.06.2018 | 20. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरकाशी वन प्रभाग के धरासू रेंज में दशगी कम्पार्टमेन्ट संख्या 05 बसगांव के खड़थात नामे तोक में कुछ काश्तकारों को 1940 से पूर्व कुछ भूमि आलू आदि फसलों के उत्पादन के लिए लीज पर दी गई थी, जिसके एवज में काश्तकार वार्षिक नजराना व शुल्क सरकार को बराबर देते आ रहे है? क्या यह सत्य है कि लगभग 78 वर्ष पूर्व से काबिज काश्तकारों को उक्त भूमि से लीज निरस्त कर जबरन बेदखल किया जा रहा है? क्या सरकार लम्बे समय से काबिज गरीब व बेरोजगार, भूमिहीन काश्तकारों की बेदखली जैसी उत्पीड़न की कार्यवाही को रोकेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.06.2018 | 21. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि योग के क्षेत्र में सरकार द्वारा क्या योजना बनायी जा रही है और अब तक योग के क्षेत्र में क्या–क्या कार्य किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.06.2018 | 22. क्या श्रम मंत्री अवगत है कि कर्मकार योजना के अन्तर्गत झबरेड़ा विधान सभा में कुल कितने लाभार्थियों को लाभाविन्त किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.06.2018 | 23. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा झबरेड़ा में कितने बेघरों के लिए आवास बनाये गये है? यदि नहीं, तो सरकार द्वारा बेघरों को आवास देने की क्या व कब तक योजना है? | आवास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>26.06.2018 | 24. क्या वन मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के दशोली विकास खण्ड में ग्राम भटाकोटी पोस्ट बैरागना निवासी श्री केदारदत्त सेमवाल के नाप खेत में स्थित सुराई वृक्ष के पातन का आदेश उप वन संरक्षक केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग गोपेश्वर द्वारा 14 मार्च 2017 को दिया गया है? यदि हां, तो उक्त वृक्ष के पातन की कार्यवाही में विलम्ब के क्या कारण है? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.06.2018 | 25. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य के होटलों, निजी घरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के किशोरों का क्या कोई सर्वेक्षण किया गया है? क्या सरकार द्वारा बाल मजदूरी रोकने को कोई कारगर नीति बनायी गई है? वर्तमान समय में कुल ऐसे कितने बाल श्रमिक विभिन्न स्थानों/प्रतिष्ठानों पर कार्य कर रहे है? सरकार द्वारा ऐसे प्रकरण पर क्या कार्यवाही अमल में लायी गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.06.2018 | 26. क्या निर्वाचन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि मताधिकार का प्रयोग केवल एक ही स्थान पर हो अथवा किया जाये इसके पुख्ता इंतजाम क्या सरकार द्वारा किए गये है? क्या यह सत्य है कि कहीं–कहीं पर एक ही मतदाता द्वारा शहरों में व गांवों में भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाता है? इस दिशा में सरकार द्वारा क्या ठोस–नीति अथवा योजना बनायी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | निर्वाचन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.06.2018 | 27. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य में वन्य जीवों के हमले से मृत घायल व्यक्तियों, मवेशियों को दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की गई है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है और ऐसे प्रकरणों पर किस तिथि से वृद्धि की गई राशि का भुगतान किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.06.2018 | 28. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के नगर निकायों के निर्वाचन में उनके संचालन हेतु उत्तराखण्ड का अपना अधिनियम तैयार किये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.06.2018 | 29. क्या प्रशिक्षण एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रतिवर्ष कितने छात्र आई0टी0आई0 प्रशिक्षण पूरा करते है तथा उनमें से कितने युवाओं को रोजगार प्राप्त होता है? क्या सरकर इस प्रकार का कोई लेखा–जोखा तैयार करती है? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रशिक्षण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.06.2018 | 30. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य में कौशल विकास योजना के अन्तर्गत गत एक वर्ष में कितने युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है तथा कितने युवा प्रशिक्षण के उपरान्त रोजगार पाने में सफल रहे है? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.07.2018 | 31. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ाने के लिए सरकार ने क्या योजना बनायी है, तथा इसके लिए प्रचार–प्रसार हेतु क्या कोई कदम उठाये गये हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>02.07.2018 | 32. क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि नगर पंचायत पोखरी जनपद चमोली के वल्ली वार्ड को पुनः नगर पंचायत में मिलाने का जनता द्वारा विरोध किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या उच्च वार्ड को नगर पंचायत से पृथक कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>02.07.2018 | 33. प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आई0टी0आई0 पोखरी (चमोली) में पॉच व्यवसायों के संचालन की स्वीकृति क्या दी गयी थी? यदि हॉ, तो क्या वर्तमान में पॉचों व्यवसायों का संचालन सुचारू रूप से चल रहा है? यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है? | प्रशिक्षण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.07.2018 | 34. क्या प्रशिक्षण मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार का राजकीय आई0टी0आई0 डेलना लगभग 10 वर्षों से संचालन में है, परन्तु आज तक इसमें शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के विभिन्न पद रिक्त है? इन रिक्त पदों को जल्द भरने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रशिक्षण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.07.2018 | 35. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राजाजी राष्ट्रीय पार्क का नोटिफिकेशन 13.09.2015 किन वन्य जीव अभ्यारणों को मिलाकर बनाया गया है? क्या वन मंत्री यह बतायेंगें कि उक्त तीनों वन्य जीव अभ्यारणों की सीमा क्या है? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.07.2018 | 36 क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के विकास प्राधिकरण में नक्शा स्वीकृत से प्राप्त आय को खर्च नहीं करने के क्या कारण है? सरकार द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.07.2018 | 37 क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि धन श्री एग्रो प्रो0प्रा0लि0/लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर, हरिद्वार में कार्यरत स्थाई कर्मचारियों को वेतन पर्ची दी जा रही है या नहीं? यदि वेतन पर्ची दी जा रही है तो क्या नियमानुसार दी जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.07.2018 | 38 क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि नगर पालिका मंगलौर की सीमा विस्तार/पुर्नगठन में खालसा बस्ती को सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव ग्रामीणों द्वारा नियमानुसार दिया गया था? यदि हां, तो खालसा बस्ती वासियों को नगर परिषद मंगलौर की सीमा में जोड़े जाने की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.07.2018 | 39 क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि ए0डी0बी0 द्वारा प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सीवर एंव पेयजल लाइनें बिछाने का कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो इस परियोजना हेतु कितनी अवधि सरकार द्वारा निर्धारित की गई है? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.07.2018 | 40 क्या वन मंत्री अवगत है कि प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में पहाड़ों के जंगलों में आग लगने से भारी अधिक नुकसान होता है? क्या सरकार ने उसकी रोकथाम के लिए कोई भावी कार्य योजना बनाई है? क्या इसमें गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों को भी शामिल किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.07.2018 | 41 क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के कितने आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय किराये के भवनों में संचालित है? क्या सरकार ने ऐसे चिकित्सालयों के लिए भवन बनाने की योजना बनाई है? यदि हां, तो भवनों का निर्माण का लक्ष्य कब तक का है? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.07.2018 | 42 क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के विभिन्न उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों हेतु सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है? क्या सरकार समय–समय पर न्यूनतम मजदूरी दर की समीक्षा एवं पुर्ननिर्धारण हेतु किसी समिति अथवा आयोग की स्थापना की योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.07.2018 | 43. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत है कि पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव के कारण मैदानी क्षेत्रों में पायी जाने वाली गौरय्या नामक चिड़िया लुप्त प्राय हो गयी है? क्या सरकार ने इस प्रजाति को संरक्षित करने की कोई योजना बनायी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.07.2018 | 44. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत है कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए एक चुनौती बन चुकी है? क्या सरकार द्वारा पॉलिथीन का उपयोग प्रतिबन्धित कर प्रदेश में पॉलिथीन उत्पादन ईकाइयों के लाईसेंस निरस्त कर दिये गये है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.07.2018 | 45. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–04 में स्थानान्तरित**<br>क्या पर्यावरण मंत्री अवगत है कि शहरी क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट एक गंभीर समस्या बनती जा रही है? क्या सरकार द्वारा किये गये उपायों से यह समस्या दूर हो सकती है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.07.2018 | 46. क्या श्रम मंत्री अवगत है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ देने का निर्णय लिया गया है? यदि हां, तो अब तक कितने श्रमिकों को इसका लाभ मिला है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.07.2018 | 47. क्या शहरी विकास मंत्री इस तथ्य से अवगत है कि प्रदेश के नगर निकायों में अधिकारी वर्ग के पदों के सापेक्ष अधिकारी उपलब्ध न होने के कारण कनिष्ठ अधिकारी अथवा कनिष्ठ लिपिकों को प्रभार दिया गया है? क्या सरकार इन पदों पर पूर्ण कालिक एवं स्थायी अधिकारी नियुक्ति करने की योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.07.2018 | 48. | **एक से अधिक विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या श्रम एवं प्रशिक्षण मंत्री अवगत है कि सरकार अनुसूचित जाति/जनजाति महिलाओं व अन्य कमजोर वर्ग के उत्थान हेतु उद्यमिता विकास से संबंधित गतिविधियों के अन्तर्गत प्रशिक्षण की व्यवस्था करती है? वर्तमान वित्तीय वर्ष में ऐसे प्रशिक्षणों की क्या व्यवस्था की गई है? यदि हां, तो कब और कहां–कहां? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम एवं प्रशिक्षण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.07.2018 | 49. | क्या शहरी विकास मंत्री इस तथ्य से अवगत है कि शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमण और बढ़ती आबादी के दबाव में स्लम एरिया विकसित हो रहे है? क्या सरकार प्रदेश के समस्त शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमण एवं मलिन बस्तियों को समाप्त कर सुनियोजित विकास हेतु मास्टर प्लान बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>31.07.2018 | 50. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य में बन्दरों एवं अन्य जंगली जानवरों के आतंक पर रोक लगाने के लिए कोई नीति बनाई गई है? यदि हां, तो अभी तक किन–किन जनपदों में क्या परिणाम निकले? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.08.2018 | 51. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड में जड़ी–बूटी संग्रहण के क्षेत्र में तथा जड़ी–बूटी मण्डियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने तथा सुदृढीकरण हेतु सरकार कोई कार्य कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.08.2018 | 52. | क्या निर्वाचन मंत्री अवगत है कि मतदान जागरूकता के कार्यक्रम जिला एवं ब्लाक स्तर पर किये जा रहे है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगें कि फोटोयुक्त पहचान पत्र बनाने से वंचित मतदाताओं के पहचान पत्र बनाने हेतु कोई प्रयास किये जा रहे है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | निर्वाचन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.08.2018 | 53. | पुनर्गठन मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के आस्तियों एवं दायित्वों के विभाजन के अन्तर्गत अधिकांश विभागों की शासकीय सम्पत्तियां हस्तान्तरित किये जाने हेतु क्या प्रयास किये जा रहे है? अभी तक कुल कितनी परिसम्पत्तियां हस्तान्तरित हो चुकी है एवं शेष पर यदि कार्यवाही की जा रही है तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पुनर्गठन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.08.2018 | 54. | **स्थगित**<br>क्या नगर विकास मंत्री इस बात से अवगत है कि रूड़की, हरिद्वार शहरों में सरकारी एवं निजी ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है? इस समस्या के निदान हेतु सरकार क्या योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.08.2018 | 55. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रधानमंत्री कौशल योजना–02 से राज्य के कितने बेरोजगार युवकों को रोजगार मिला है? राज्य के कितने बेरोजगार नवयुवकों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.08.2018 | 56. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि कार्बेट नेशनल पार्क/ राजाजी नेशनल पार्क से लगे गांव में व्यवसायिक प्रतिष्ठान बनाने पर प्रतिबन्ध है? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2018 | 57. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि कौशल इनोवेटिक और समेकित योजना को बढ़ावा देने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2018 | 58. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य कौशल पुनर्गठित कर दीनदयाल उपाध्याय योजना प्रारम्भ करने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2018 | 59. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड कौशल विकास मिशन के सुदृढ़ीकरण किए जाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड वर्कफोर्स डेवलपमेंट फॉर मार्डन इकोनॉमी स्थापित करने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.08.2018 | 60. **स्थगित**<br>क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में आवास विहीन लोगों की संख्या कितनी है? क्या सरकार इन आवास विहीन लोगों को आवास उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.08.2018 | 61. क्या वन मंत्री अवगत है कि शीतकाल के समय प्रदेश में भेड़ बकरी पालक अपनी भेड़ बकरी चुगाने के लिए निचले वन क्षेत्रों में ले जाते है जिसकी अनुमति पुराने पशुपालकों को दी जाती है किन्तु नये पशु पालक वंचित रह जाते है? क्या नये भेड़ बकरी पालकों को भी चुगान के परमिट जारी किये जायेंगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.08.2018 | 62. **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–89 में स्थानान्तरित**<br>क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि प्रदेश के सीमांत क्षेत्र में लोग निवास कर रहे है? इन क्षेत्रों में निवास कर रहे अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों की जमीन की समस्या के निदान के लिए सरकार कोई योजना चला रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेश राठौर<br>21.08.2018 | 63. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि वर्ष 2017, 2018 में पैदल व डाक कॉवडियों की संख्या क्या थी एवं वर्ष 2017 एवं 2018 में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कॉवड मेले हेतु कोई बजट जारी किया था? यदि हां, तो सरकार विवरण सदन में प्रस्तुत करेगी? यदि नहीं, क्यों? | शहरी विकास |
| श्री सुरेश राठौर<br>21.08.2018 | 64. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश व जनपद हरिद्वार में होने वाले कॉवड़ मेले में आने वाले कॉवडियों के लिए विश्रामालय, भोजन, चिकित्सा, बायोमैट्रिक रजिस्ट्रशन आदि की व्यवस्था की गयी है? यदि हां, तो क्या विवरण सदन के पटल पर रखेंगें? यदि नहीं, तो कब तक उक्त व्यवस्था शीघ्रताशीघ्र पूरी कर ली जायेगी? | शहरी विकास |
| श्री धन सिहं नेगी<br>21.08.2018 | 65. क्या वन मंत्री अवगत है कि राज्य में वाह्य सहायतित योजना के तहत जायिका व कैम्पा के प्रोजेक्ट स्वीकृत है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि उक्त योजना का विवरण क्या है तथा सरकार द्वारा उक्त योजना का क्रियान्वयन किस प्रकार से किया जा रहा है? क्या यह भी सत्य है कि जायिका योजना में गांवों का चयन किया है? यदि हां, तो टिहरी जनपद में उक्त योजना में किन–किन गांवों का चयन हुआ है तथा उन पर अभी तक कितनी धनराशि खर्च की गयी है? यदि नहीं, क्यों? | वन |

# नत्थी–"घ''

## कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 18 सितम्बर, 2018 की बैठक में दिनांक 19 सितम्बर, 2018 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः–

सितम्बर, 2018

19 (बुधवार) विधायी कार्य,

(1) उत्तराखण्ड (उ0प्र0 शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002, (संशोधन) विधेयक, 2018 का विचार एवं पारण **(15 मिनट)**

(2) न्यायालय शुल्क (उत्तराखण्ड संशोधन), विधेयक, 2018 का विचार एवं पारण **(15 मिनट)**